## पुलिस के हत्थे चढ़े चार अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर

### लगभग 3 लाख 50 हजार मूल्य का 21 किलो 65 ग्राम अवैध गाजा जब्त

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।



27 जून को दौरान भ्रमण के रेल्वे स्टेशन नीलेश्वर मंदिर, करेली के पास चार व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हल्के नीले रंग की बोरी लिये खडे दिखे जिन पर संदेह होने पर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकडा एवं उनकी तलाशी ली गयी, आरोपीगणों के सयुक्त कब्जे से हल्के नीले रंग की बोरी 21 किलो 65 ग्राम गाँजा कीमती 350000/ रुपये का रखा पाया गया जिसे जप्त कर आरोपीगणों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए उनके विरूद्ध अपराध क्रमांक 582/25 धारा 8/20 (सी), 29 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**–अभिजीत पिता सनातन नायक, उम्र 20 साल, निवासी अडावा, थाना अडावा, जिला गजपति, उडीसा,पवित्र पिता वनबासी बीडिका, उम्र 27 साल, निवासी अक्खूसिंघी, थाना पदमपुर, जिला रायगढा, उडीसा,सानू पिता प्रांचिस लीमा, उम्र 26 साल निवासी सुंदरपुर, थाना पदमपुर, जिला रायगढा, उडीसा,रमेश पिता दस्सो कराडा, उम्र 33 साल, निवासी मेरिया पंगा, थाना गुराडी, जिला रायगढा, उडीसा को गिरफ्तार किया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी करेली निरीक्षक प्रियंका केवट, उनि अभिषेक जैन, प्र.आर. कुलदीप सोमकुवंर, प्र.आर. राजेश नंदा, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक विपिन पटेल, आरक्षक सचिन पटेल, आरक्षक दिनेश केवट, आरक्षक चेतन, आरक्षक रोहित बारोलिया सायबर सेल से आरक्षक नीरज डेहरिया की मुख्य भूमिका रही ।

## पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त में गुंडे-बदमाशों और वारंटियों को किया गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों/ अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में गत 28-29 जून 2025 को रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानो पर एकत्रित किया।

## विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर में दी कानून की जानकारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत फूल माला से किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ कानूनों के बारे में जानकारी होना जरुरी है। सामान्य ज्ञान में वृद्धि जीवन में सफलता के द्वार खोलने की प्रथम सीढ़ी है। सचिव जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण दिनेश मीणा ने छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि बुरी आदतों को त्यागना चाहिए एवं अच्छे संस्कारो को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय जागरूकता का है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच कैलाश गुर्जर ने कहा कि सांगई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन प्रसन्नता का विषय है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक नाईक एवं आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक दशरथ जाटव ने किया। कार्यक्रम में पीयूष दीक्षित, शिक्षक राजेश कौरव, मधुसूदन पटैल, फूलवती केवट, नेतराम केवट सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### मोलासरिया वैश्य महासम्मेलन के बने तहसील अध्यक्ष

**गाडरवारा देशबंधु।** विगत दिवस राम मोलासरिया वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में



जिला अध्यक्ष अजय जैन ने नगर के सक्रिय समाजसेवी राम मोलासरिया को वैश्य महासम्मेलन की जिला ईकाई बैठक में तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष नवनीत चाचा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिनेंद्र डागा, संभागीय महामंत्री अनिल गुप्ता, जिला प्रभारी बीड़ी सोनी, युवा इकाई जिलाध्यक्ष आयुष कठल, युवा इकाई प्रभारी अमित जैन, महिला इकाई जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सपना जैन, उमाकांत गुप्ता, राजीव जैन सहित अनेक पदाधिकारीयो और सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बोवनी में जुटे किसाने को नहीं मिला रहा उच्च गुणवत्ता वाला तुअर और सोयाबीन का बीज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मानसून की दस्तक शुरू होते ही किसान सोयाबीन एवं तुअर की बोवनी की तैयारी करने लगे हैं। विगत कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से लोगों ने अपने खेतों की बखरनी शुरू कर दी है और साधन संपन्न किसान बोवनी करने में जुट गए हैं। क्षेत्र में गांव से लेकर शहर के प्रत्येक खेत में ट्रैक्टर चलते हुए देखे जा सकते हैं। विगत तीन दिन पहले अच्छी तेज बारिश होने से खेत बोवनी के लिए तैयार हो गए हैं। ज्यादातर किसान रातदिन बोवनी की तैयारी करने में लगे हुए हैं। इस वर्ष मानसून विगत वर्ष की अपेक्षा पांच दिन लेट आया है। अब बरसात की पहली बारिश के होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे थे। जिससे वह सोयाबीन की फसल के लिए अपने आप को पूर्ण रूप से तैयार कर फसल बोवनी करने की तैयारी में है। वहीं कुछ किसानों ने पहले सोयाबीन की बोवनी कर दी है।

### सोयाबीन-तुअर की बढ़ी मांग

विगत कई सालों पहले सोयाबीन की अच्छी फसल लिया करते थे। किंतु क्षेत्र के ज्यादातर किसानों ने धान की बोवनी की थी, लेकिन लेकिन अब इस वर्ष किसानों ने मौसमी बारिश को देखते हुए फिर से सबसे अधिक सोयाबीन की पैदावार का मन बना लिया है। वहीं इस वर्ष किसानों ने तुअर की फसल की बोवनी का ज्यादा मन बनाया है। क्योंकि विगत दो वर्षों से तुअर और दाल के भाव आसमान पर होने से किसान तुअर की खेती को लाभ का धंधा समझ रहा है। जबकि तहसील में तुअर का गुणवत्ता वाला बीज नहीं मिलने से किसान दूसरे शहरों से महंगे दामों पर बीज ला रहे हैं।

### एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन केंद्र बरमान में बैठक आयोजित

**बरमान,देशबन्धु।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन केंद्र मिढ़ली बरमान में समिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की अनौपचारिक बैठक रखी गई इस बैठक में केंद्र के अध्यक्ष हेमेंद्र शुक्ला का आगामी कार्ययोजना एवं करेली में खुलने जा रहे महिला सशक्तिकरण- सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर केंद्र को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । इस बैठक में केंद्र उद्घाटन को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समिति सदस्यों का विचार विमर्श हुआ इस दौरान कोषाध्यक्ष नरेश पांडे ,समिति सदस्य मोतीलाल चौरसिया रामनारायण गब्बू सोनी एवं केंद्र समन्वयक रितिक परिहार सिलाई ट्रेनर रोशनी अवस्थी भी उपस्थित रहे।



## भाषण प्रतियोगिता में दिनेश अग्रवाल रहे प्रथम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** म.प्र. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशामुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप है विषय पर भाषण प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर. वी. सिंह के निर्देशन में तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रो. केशव पाण्डे, प्रो. नमीता साहू, प्रो. कल्पना साहू एवं प्रो. प्रीति कौरव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन





छात्र इकाई दलनायक वेदांत दुबे के नेतृत्व में हुआ, जिसमें महाविद्यालय के कई उत्साही विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से उपस्थित छात्र छात्राओं में रोहित नौरिया, विश्वास जाटव , हर्षित चौरसिया आगामी दलनायक रासेयों दिनेश अग्रवाल , आगामी सहदलनायक रासेयो विवेक साहू ,उदय ,जय नामदेव, अमन मंडलोई, रितिक कुशवाहा,विवेक मेहरा भूमि दुवे , मनीषा राजपूत तथा अन्य स्वयंसेवक सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिनेश अग्रवाल, द्वितीय स्थान मनीषा राजपूत, एवं तृतीय स्थान हर्षित चौरसिया ने प्राप्त कर महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित अतिथियों ने भाषणों की सराहना करते हुए छात्रों के प्रयास को सामाजिक चेतना की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन रितिक कुशवाहा एवं कार्यक्रम का आभार दिनेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

## श्री गणेश देवस्थानम में शंकराचार्य नेत्रालय का नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट से संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में 30 जून सोमवार को नि:शुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर आयोजित है। गणनायक फाउंडेशन के प्रमुख सुशान्त पुरोहित ने बताया की श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में होगा। सुबह 10:30 बजे से रजिस्ट्रेशन होगें और क्रम के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा जांच भी शुरू हो जाएगी जो शाम 5 बजे तक चलेगीं। मोतियाबिन्द पाए जाने पर नेत्रालय द्वारा मरीजों को नि:शुल्क बस सेवा से झोतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा। मरीजों से आधार कार्ड की फोटोकॉपी व मोबाइल नंबर लेकर आने की अपील की गई है। क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।



## दो वाहनों की टक्कर में पलटी एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर सिमरिया हनुमान मंदिर के पास रविवार को सड़क हादसा हो गया। हनुमान मंदिर सिमरिया के सामने दोपहर करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें तीन गाड़िया आपस में टकरा गई। तेज रफ्तार एसयूवी ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रही एंबुलेंस से टकरा गई। हादसे के बाद एंबुलेंस सड़क पर पलट गई। जानकारी के अनुसार नागपुर से आ रही कार एम.एच.-49 बी.के. -0400 ने पीछे से पिकअप एम.एच. 49 बी.जेड.-1985 को टक्कर मारी दी जिससे पिकअप बेकाबू होकर छिंदवाड़ा की ओर आ रही एंबुलेंस सी.जी.-04-एन.डब्ल्यू.-2357 से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एंबुलेंस सड़क पर पलट गई, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई।

## कृषि विद्यालय में शुरु हुआ तम्बाकू विरोधी अभियान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्कूलों में तम्बाकू मुक्त पीढ़ी की ओर अभियान के तहत, शिक्षा मंत्रालय के शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू और नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है, जिसके तहत शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें छात्रों, शिक्षकों और समुदाय को शामिल किया गया है। इस पहल में, स्कूलों को तंबाकू मुक्त परिसर बनाने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और छात्रों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के



बारे में शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया किया गया। जीवविज्ञान शिक्षक तरुवर पटेल ने विस्तार से कैंसर होने के कारणों पर प्रकाश डाला। शुरुआत में स्कूल में विद्यालय शिक्षक सुनील दीक्षित एवं भागचंद झरिया द्वारा बच्चों के साथ तंबाकू की आदतों के कारण स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों को लेकर श्रृंखलाबद्ध चर्चा आयोजित कराई गई. विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने कहा कि यदि बच्चे कम उम्र में नशे के दुष्परिणाम समझें तो निश्चित तौर पर भविष्य की पीढ़ी स्वास्थ्य और स्वस्थ्य परिवेश के प्रति सजग बन सकती है. व और कहा कि कुछ दिनों में ही स्कूल के प्रयास रंग लायेगे समाज नशा मुक्त बनेगा,स्कूल के अतिरिक्त सत्रों में बच्चों ने तंबाकू-मुक्ति के समर्थन में कई पोस्टर और नारे तैयार किए।

## भगवान श्रीकृष्ण, बलदाऊ, माता सुभद्रा को रथ में सवार कर निकाली रथयात्रा

**करेली, देशबन्धु।** करेली में इस्कान मंदिर बरमान के सहयोग से 2017 में रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। वही पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 12 वीं सदी से होती है। इसका विस्तृत विवरण हिंदू पवित्र ग्रंथों जैसे पद्म पुराण, ब्रह्म पुराण और स्कंद पुराण में मिलता है।

पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन, भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ अपनी मौसी के घर से होते हुए गुंडिचा मंदिर गए थे। यह दिन अब हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा के साथ मनाया जाता है। पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। 29 जून को रथयात्रा श्री देव महावीर मंदिर झंडा चौक करेली बस्ती से अपरान्ह 3 बजे प्रस्थित होकर नगर भ्रमण करते हुए पुरानी गल्ला मंडी स्थित सिद्ध देवालय हनुमान मंदिर में सम्पन्न हुई। रथयात्रा के दौरान सम्पूर्ण मार्ग में प्रभु के महाप्रसाद के रूप में भगवान जगन्नाथ जी के भात का वितरण किया गया। रथयात्रा की सम्पन्नता के उपरांत भगवान श्री जगन्नाथ जी को 56 भोग महाप्रसादी भंडारे का आयोजन रखा गया। करेली के जुझारू युवाओं के सहयोग से इस्कान मंदिर, बरमान व श्री जगन्नाथ भक्त मंडल परिवार करेली यह आयोजन करता है। करेली बस्ती से पहली मर्तबा यह रथयात्रा निकाली गई जिससे वहा बहुत उत्साह का वातावरण था रथयात्रा के सम्पूर्ण आयोजन में सभी सनातनी धर्मप्रेमीजन शामिल हुए।

आस्था, उमंग, श्रद्धा भक्तिभाव से भगवान श्रीकृष्ण, भगवान बलदाऊ, माता सुभद्रा को रथ पर सवार कर नगर में रथयात्रा निकाली गई धार्मिक मान्यताओं के हमारे देश में लोगो की गहरी आस्थायें है करेली में नगर विहार को भगवान



जगन्नाथ निकले तो भक्तों ने रथ को रस्से से खीचा। भगवान जगन्नाथ जी के करेली नगर आगमन पर भगवान का नगर विहार हुआ। रथयात्रा में शामिल भक्तजन, माताएं बहिनें हरे कृष्णा, हरे रामा भंझते हुये झूमते नाचते हुये प्रभु की भक्ति लीन रहे। भजन मंडल द्वारा भजनों की विविध प्रस्तुतियां दी गई। अपार हर्षोल्लास से नगर के भक्तजनों द्वारा इस्कान मंदिर परिवार बरमान खुर्द द्वारा रथयात्रा निकाली गई।

मंड़ली द्वारा प्रस्तुति = धार्मिक आस्था का केन्द्र व आपसी भाईचारे सद्भाव का प्रतीक करेली में रविवार का दिन बेहद आध्यात्म और भक्तिपूर्ण रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया क्योंकि यहां यहां अपार हर्षोल्लास और देश भर में मनाए जाने वाले भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा के क्रम में उत्साह के साथ भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भजन मंडल द्वारा भजनों की विविध प्रस्तुतियां दी गई।

56 भोग की प्रसादी= प्रारंभ में नगर के वरिष्ठ आचार्यों की सानिध्यता में पूजन किया गया, भगवान को 56 भोग लगाया व सम्पूर्ण रथयात्रा मार्ग में भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद के रूप में जगन्नाथ के भात का वितरण किया गया। नगर व क्षेत्र के समस्त धर्मानुरागीजनों, माताओं बहिनों से जगन्नाथ भक्त परिवार करेली ने भगवान की रथयात्रा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ व भंडारे में भगवान जगन्नाथ की महाप्रसादी जगन्नाथ का भात ग्रहण किया।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा का नगर के विभिन्न संगठनों के धार्मिक जनों द्वारा स्वागत किया गया। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति के इस आयोजन में रथ यात्रा का जुलूस मार्ग में नागरिकों ने जगह जगह पूजन किया।

**आयोजकों की सराहना =** समापन में पुरानी गल्ला मंडी में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजको द्वारा लगातार अथक प्रयास किए गये जिसकी नगरवासियों ने सराहना की है।

## मनरेगा के तहत किए गए कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण का काम एक जुलाई से

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** जिले की सभी 450 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में मनरेगा योजना अंतर्गत किये गये समस्त कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ होगा।

इसके साथ- साथ वर्ष 2022- 23 एवं 2023- 24 में श्रम विभाग के अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल की अनुग्रह सहायता राशि एवं आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों का भी सामाजिक अंकेक्षण का कार्य होगा।

यह कार्य ग्राम पंचायत की स्थानीय संपरीक्षा समिति द्वारा ग्राम सभाओं के माध्यम से किया जाएगा। संपरीक्षा समिति



के प्रशिक्षण के लिए विलेज सोशल एनीमेटर तैनात किये गये हैं। विलेज सोशल एनी मेटर के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने बताया कि इस कार्य के सत्यापन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में 4 दिवस निर्धारित किये गए हैं। पहले दिवस ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले में कर्मकार मण्डल की अनुग्रह सहायता एवं आयुष्मान हितग्राहियों का सामाजिक अंकेक्षण प्रथम बार होने के संबंध में बताया गया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए